# नई पहल से बदल रही हजारीबाग नगर निगम की सूरत और सीरत

लोगों के सपनों को साकार कर शहर का स्वरूप बदलने के कार्य में जुटे हैं अधिकारी

**आई ❤ हजारीबाग**

का साइन बोर्ड लोगों के बीच आकर्षण एवं सेल्फी प्वाइंट का केंद्र

## हौसलों से उड़ानः मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में होती है जान






### स्वच्छ एवं सुंदर बने हजारीबाग, यही है एकमात्र लक्ष्य : नगर आयुक्त गरिमा सिंह

हजारीबाग (प्रातः आवाज) । हौसलों से मिलती है उड़ान, मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में होती है जान कुछ इसी तरह के पंक्तियों को आत्मसात कर हजारीबाग को फिर से हजार बागों का स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने का संकल्प लेकर काम करने की बात कह रहीं हैं नगर आयुक्त आईएएस गरिमा सिंह। शहर के चौक-चौराहों को भी महानगरों के चौक चौराहों जैसा सुंदर दिखने का जो सपना यहां के लोगों ने देखा था, उसे वे साकार करने मे जुटी है। विभिन्न प्रकार के आलोचनाओं की परवाह नहीं करते हुए वे इसी धुन में लगी हैं कि शहर का स्वरूप बदले और एक नयी पहचान शहर को मिले। इसी में शहर के कई चौक- चौराहों का महानगरों की तर्ज पर सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। वहीं साफ- सफाई के लिये शहर की हर गलियों तक कचरा उठाने वाली गाड़ियां की पहुंच हो यह सुनिश्चित कर दी गई है। घर तक पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के साथ रिकार्ड समय सीमा के अंदर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभुकों को उनका सपनों का घर प्राप्त हो जाएं इस प्रयास को भी अमलीजामा पहनाया जा रहा है। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि चाहे वो जिस शहर में रहें या जिस पद पर रहे उनका एकमात्र उद्देश्य एवं लक्ष्य होता है उस शहर का विकास। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे से नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश के साथ ही आई लव हजारीबाग का साइन बोर्ड आपको दिखेगा जो वर्तमान में लोगों के लिए आकर्षण एवं सेल्फी प्वाइंट का अब केंद्र बना हुआ है। महानगरों की तरह भविष्य में प्रत्येक वार्ड मे बच्चों बुजुगों एवं महिलाओं के लिए एक मिनी पार्क के साथ समुदायिक भवन का निर्माण करने का भी लक्ष्य है जिसमें लोगों के सुबह- शाम टहलने के साथ बच्चों के शारीरिक विकास के लिए विशेष व्यवस्था होगी एवं सामुदायिक भवन में लोग परिवारिक समारोह का आयोजन भी कर सकें।

**हजारीबाग नगर निगम**

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA